

विषय- **गणित** पाठ- **गुणा** कक्षा - **5**

प्रकरण- गुणा 0 और 1 की अवधारणा क्रमांक - **12**



# मिशन शिक्षण संवाद

## कुछ रोचक तथ्य

जब किसी संख्या में शून्य की गुणा होती है वह संख्या 0 हो जाती है। उदाहरण:

2134 × 0 = 0

जब किसी संख्या में 1 की गुणा होती है तो वह संख्या नहीं बदलती और वैसे ही रहती है। उदाहरण:

2134 × 1 = 2134

## स्वयं करें

2230 × ____ = 0

2230 × ____ = 2230

गुणा में ध्यान रखने वाले कुछ रोचक तथ्य

अंकों की जगह परिवर्तित होने के बाद भी गुणा का गुणनफल नहीं बदलता। उदाहरण:

2134 × 23 = 23 × 2134

49 × 82= 82 × 49

स्वयं करें-

8080 × 30 = 30 × ______

580 × _____ = 3523 × _____

उत्तरमाला क्रमांक 11

क 68,034

ख 11,050

## गतिविधि

## बोल भाई कितने गुना



पैर ही पैर

यहाँ पाँच बकरियाँ हैं।

इन सभी के मिलाकर कितने पैर होंगे?

4 + 4 + 4 + 4 + 4 = 20

या 4 का 5 गुना 20 है

या 5 × 4 = 20



यहाँ कितनी मकड़ियाँ हैं? ________

एक मकड़ी के _______ पैर होते हैं।

सभी मकड़ियों के पैर मिलाकर _______ के 3 गुना होंगे

या ___ + ___ + ___ = __________

या 3 × _____ = ________



इन ढेर टाँगों वाले साहब को जानते हो?

यह एक ऑक्टोपस है।

यह समुद्र में रहता है।

इसके भी 8 पैर होते हैं।

5 ऑक्टोपस के मिलाकर कुल कितने पैर हो जाएँगे?

___ + ___ + ___ + ___ + ___ = ________

या 5 गुना _________ = _________

या 5 × _________ = _________



आओ मिलाओ हाथ, हाथ ..............!

not to be republished © NCERT

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- अर्चना पांडे परथला खंजरपुर गौतम बुध नगर




Subject - Our Environment Chapter- Excellence Award Class - 5

Topic - Annual Sports Day S.N. -12



मिशन शिक्षण संवाद

# Annual Sports Day




In the first week ot December the annual sports competition was organized in the school.The students of every class participated in their favourite ganes. On the last day of the sports meet, prize distribution programme was going on at the closing ceremony.

Along with sports the names of those children were to be announced who would be getting the 'Excellence Award' for outstanding performance in other activities of the school.As always, this time also Shadma's name was under discussion.

On the stage the principal handed over the list of names of the prize winning children to the chief guest and requested him to announce the names. The chief guest stood near the mike.
There was excitement among the children as to whose name would be announced. Just then the chief guest announced Madhu's name. In the midst of applause, Madhu received the prize from the chief guest. Shadma was expecting her name to be announced but she became after Madhu's name was announced. Madhu's friends surrounded her to congratulate her. Looking at them from a distance Shadma was getting upset.

## Word meaning ✍

Favourite - मनपसंद
Annual - वार्षिक
Competition - प्रतियोगिता
Prize - ईनाम
Distribution - वितरण
Discussion - चर्चा
Chief Guest - मुख्य अतिथि

## Practice work

Q1 What is held in December?
Q2 Where was 'it' organised?
Q3 Which award did Shadma used to win?
Q4 Who announced Madhu's name?
Q5 Who surrounded Madhu to congratulate her?

## Think and Discuss

How is physical health important for mental health?

9458278429
Made by- Kavita Verma (A.T.) C.S.- Vaishali Ghaziabad

# गौरव पुरस्कार

मां ने शादमा को बताया कि शरीर स्वस्थ होता है तो मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल और व्यायाम की आवश्यकता होती है। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, मनुष्य के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।
शादमा ने पूछा कि माँ हम हाथ-पैर द्वारा खेलते हैं। इसका मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर कैसे प्रभाव पड़ सकता है?
शादमा की बात सुनकर माँ मुस्करा कर बोलीं- जब तुम क्रिकेट खेलती हो तब तुमने देखा होगा कि गेंद को पकड़ने के लिए हाथ को बढ़ाते समय यह भी सोचना पड़ता है कि गेंद को आगे बढ़कर पकड़ पाएंगे या पीछे हट कर या अन्य किस तरीके से गेंद को पकड़ पाएंगे। यह संकेत हमें मस्तिष्क से ही मिलता है और उसी के अनुसार हम गेंद पकड़ पाते हैं। किसी कार्य को करने के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से विकसित होना आवश्यक है। पढ़ने, लिखने, खेलने आदि सभी कार्यों में हमारा मस्तिष्क और शरीर दोनों एक साथ कार्य करते हैं।
माँ की बात सुनकर शादमा समझ गई थी कि पढ़ाई के साथ खेलों का अभ्यास हमारे शरीर और मस्तिष्क के विकास में सहायक होते हैं।

## अभ्यास कार्य

👉रिक्त स्थान भरो -

(1) स्वस्थ मष्तिष्क के लिए ______ शरीर होना चाहिए।

(2) स्वस्थ रहने के लिए _____ और _______की आवश्यकता होती है।

(3) गेंद पकड़ने के तरीके का संकेत _______से मिलता है।

(4) सभी कार्यों को करने के लिए ________ व __________ विकास आवश्यक है।

(5) पढ़ाई के साथ - साथ ______ का अभ्यास भी जरूरी है।

## उत्तरमाला

11

उत्तर 1. वार्षिक खेल प्रतियोगिता

उत्तर 2. गौरव पुरस्कार

उत्तर 3. मधु

उत्तर 4. मां

उत्तर 5. नहीं

9458278429
निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- तृप्ति शर्मा(स.अ.)एवं सुधीश पाराशरी (स. अ.), मुरादाबाद

मिशन शिक्षण संवाद

# CHRISTMAS MATHS CHALLENGE

**In the word CHRISTMAS below, each letter has a particular value. So C is worth 10, M is worth 70 and so on.**

| C | H | R | I | S | T | M | A | S |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 20 | 30 | 40 | 50 | 60 | 70 | 80 | 50 |

**1. Work out the value of these words. The first one is done for you.**

IT = 40+60 = 100

HAT = 20+80+60=160

IS =

HIT =

MIST =

MAT =

MATHS =

STAIR =

**2. Can you find words using the letters above which have these values?**

S I T
150 = 50 + 90 + 60 = SIT

120 =

110 =

170 =

180 =

**Answer Key Page no. 11**

1. 17 2. 281 3. 2407



विषय- **संस्कृत** पाठ- **पंचम:** कक्षा - **5**

प्रकरण- **वाक्यबोध:( चतुर्थ:)** क्रमांक- **12**



# मिशन शिक्षण संवाद



***त्वं क: ?***
***तुम कौन हो?***
***अहं दिनेश:।***
***मैं दिनेश हूँ।***
***त्वं किं करोषि ?***
***तुम क्या करते हो?***
***अहं गीतं गायामि।***
***मैं गीत गाता हूँ।***



***युवां कौ ?***
***तुम (दोनों) कौन हो?***
***आवां ऋषभ:, जय:।***
***हम (दोनों) ऋषभ और जय हैं।***
***युवां किं कुरुथ: ?***
***तुम ( दोनों) क्या करते हो?***
***आवां फलं खादाव:।***
***हम (दोनों) फल खा रहे हैं।***

***यूयं के ?***
***तुम(सब) कौन हो?***
***वयं दीपेश:, देवेश:, लोकेश:।***
***हम(सब) दीपेश, देवेश और लोकेश हैं।***
***यूयं किं कुरुथ ?***
***तुम(सब) क्या करते हो।***
***वयं गुरुं नमाम:।***
***हम(सब)गुरु को नमस्कार करते हैं।***



## शब्दार्थ:

***त्वं - तुम***
***क: -कौन***
***करोषि - करते हो***
***गायामि - गाता हूँ***
***युवां - तुम दोनों***
***आवां - हम दोनों***
***खादाव - खाते हैं***
***यूयं - तुम सब***
***नमाम: नमस्कार करते हैं***

## अभ्यास कार्य

***वाक्यानि पुरयत-***

***1- त्वं किं......।***
***2-अहं बालिका.....।***
***3-आवां चित्रम्......।***
***4- वयं कन्दुकेन.......।***

## उत्तरमाला **11**

***चित्र देखकर शब्द लिखें-***



***लेखनी***



***तितली***



***माला***



***चींटी***



***कुर्सी***



***बालिका***

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- **सुषमा त्रिपाठी सहायक अध्यापिका,गोरखपुर**



विषय- हिन्दी पाठ- मेरी शिक्षा कक्षा - 5


प्रकरण- आत्मकथा क्रमांक- 12



मिशन शिक्षण संवाद

## आत्मकथा

प्यारे बच्चों आप सोच रहे होगे ये आत्मकथा क्या होती है आओ जाने साहित्य में आत्मकथा (autobiography) किसी लेखक द्वारा अपने ही जीवन का वर्णन करने वाली कथा को कहते हैं। यह संस्मरण (memoir) से मिलती-जुलती लेकिन भिन्न है। जहाँ संस्मरण में लेखक अपने आसपास के समाज, परिस्थितियों व अन्य घटनाओं के बारे में लिखता हैं वहाँआत्मकथा में केन्द्र लेखक स्वयं होता है।



डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे। इन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया।ये कुशल वक्ता, प्रशासक एवं साहित्यानुरागी थे।

## अभ्यास कार्य

(1) आपका अक्षरारंभ किस उम्र में और कैसे हुआ ?

(2) आप अपने स्कूल में कौन-कौन से विषय पढ़ते व सीखते हैं ?

(3) आपको कौन-सा विषय सबसे अच्छा लगता है और क्यों ?

(4) पाठ का सारांश अपने शब्दों मे लिखो।

(5) धीरे-धीरे, तरह-तरह: यहाँ एक ही शब्द की आवृत्ति दो बार हुई है, इस प्रकार के पाँच शब्दों के जोड़े पुस्तक से ढूँढ़कर लिखिए।

(6) स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे ?

(7) बच्चों क्या आपको पता है वर्तमान राष्ट्रपति कौन है?

(8) प्रस्तुत पंक्तियो का सारांश अपने शब्दों मे लिखो ।

शाम को जल्द नींद आती। डर रहता कि मौलवी साहब हमें पलक झपकाते देख न लें, नहीं तो मार पड़ती। जल्दी छुट्टी के दो उपाय थे। खेल-कूद में जमना भाई लीडर थे। जल्दी छुट्टी पाने के लिए भी उपाय वही करते। पढ़ने के लिए तेल का दीया जलाया जाता था। जमना भाई रेत की छोटी पोटली बना लेते और छिपाकर उसे दीये में रख देते। वह शीघ्र ही तेल सोख लेती और दीया जल्द बुझने पर आ जाता। मौलवी साहब दाई पर गुस्सा होते कि तेल कम क्यों डाला; और वे मजबूर होकर किताब बंद करने का हुक्म दे देते।

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- रीना स. अ. झाँसी, रेनू अग्रवाल स. अ. मथुरा

As they entered the zoo- Neha : I (आई) am (एम) scared (स्केयर्ड) to (टु) go (गो) inside इनसाइड) the zoo. Don't you think (थिंक) we (वी) may (मे) be (बी) attacked (अटैक्ड) by (बाइ) the animals (एनिमल्स) of the zoo. Arun : Don't worry (वरी) Neha. In the zoo some animals are (आर) kept (केप्ट) in the cages (केजेज) and some are kept in the area (एरिया) surrounded (सराउंडेड) by the barrier (बैरियर). Look (लुक) , there (देयर) are so many (मेनी) animals here (हियर). Neha : Oh (ओह) Yes (यस), I want (वांट) to see (सी) a giraffe (जिराफ) first (फर्स्ट). Where (वेयर) is the giraffe?

Arun : See, the giraffe is near (नियर) the fence (फेंस), it has (हैज) a long (लांग) neck (नेक).




## हिंदी अनुवाद

जैसे ही वे चिड़ियाघर में प्रवेश किए, नेहा अरुण से कहती है कि मैं चिड़ियाघर के अंदर जाने से डर रही हूं। क्या तुम ऐसा नहीं सोचते हो कि चिड़ियाघर के जानवर हम पर हमला कर सकते हैं? अरुण नेहा से कहता है कि चिंता मत करो, यहां पर कुछ जानवरों को पिंजरे में रखा जाता है और कुछ को बैरियर से घिरे क्षेत्र में रखा जाता है। देखो यहां कितने सारे जानवर हैं। नेहा अरुण से करती है ओह हां, मैं पहले जिराफ को देखना चाहती हूं। जिराफ कहां है? अरुण नेहा से कहता है देखो, जिराफ बाड़ के पास है, उसकी लंबी गर्दन है।

## word meaning

cage - केज - पिंजड़ा
barrier - बैरियर - घेरा
look - लुक - देख
see - सी - देखना
near - नियर - नजदीक
scared - स्केयर्ड - डरा हुआ
inside - इनसाइड - अन्दर
think - थिंक - सोचना
animal - एनिमल - जानवर
worry - वरी - चिंता करना

## Home Work

Question 1: Where was the giraffe? (जिराफ कहां था?)
Question 2: Where were people relaxing? (कहां लोग आराम कर रहे थे?)

## Answer of page 11

Ans 1: The weather was cloudy.(मौसम बादलों से घिरा हुआ था।)
Ans 2: Neha was Arun's younger sister.(नेहा अरुण की छोटी बहन थी।)

9458278429
निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- Chetna Singh, Satish Kumar Singh



विषय-हमारा परिवेश    पाठ- गौरव पुरस्कार  कक्षा - 5

प्रकरण- वार्षिकोत्सव    क्रमांक- 11



मिशन शिक्षण संवाद



# गौरव पुरस्कार



दिसम्बर माह के प्रथम सप्ताह में विद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रत्येक कक्षा के बालक-बालिकाओं ने अपने-अपने मनपसंद खेलों में भाग लिया। खेलकूद के अन्तिम दिन समापन समारोह में पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम चल रहा था। खेलकूद के साथ ही विद्यालय की अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'गौरव पुरस्कार' प्राप्त करने वाले बच्चे के नाम की घोषणा होने वाली थी। हर बार की तरह इस बार भी शादमा के नाम की चर्चा थी। पुरस्कार पाने वाले बच्चे के नाम का निर्धारण हो चुका था। सभी बच्चे पुरस्कार मिलने वाले बच्चे का नाम जानने को उत्सुक थे। तभी मुख्य अतिथि ने मधु के नाम की घोषणा की।
शादमा को अपने नाम का इंतजार था, किन्तु मधु के नाम की घोषणा के बाद शादमा का मन उदास हो गया। सभी साथियों ने मधु को बधाई दी। शादमा उन्हें दूर से देखकर दुखी हो रही थी।
बुझे मन से शादमा घर आई और मां को सारी बात बताई। मां ने समझाया कि, हर बार एक ही व्यक्ति नहीं जीत सकता। हर कोई अपने प्रदर्शन के आधार पर ही जीतता या हारता है।यहां यह विचार करना चाहिए कि हमारे प्रदर्शन में कमी क्यों आई और अब उस कमी को कैसे दूर करना है? शादमा ने कहा कि उसको लगा कि हर बार वो ही जीतती है तो इस बार भी वो ही जीतेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस बार तो शादमा को परीक्षा में भी अच्छे अंक नहीं मिले थे जबकि उसने खेल का समय भी पढ़ाई में लगाया था।

## अभ्यास कार्य

11

👉निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये-

प्रश्न(1) विद्यालय की कौन सी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया?

प्रश्न(2) किस पुरस्कार की घोषणा होने वाली थी?

प्रश्न(3) इस वर्ष का 'गौरव पुरस्कार' किसको मिला?

प्रश्न(4) शादमा ने किसको सारी बात बताई?

प्रश्न(5) क्या शादमा को इस वर्ष की परीक्षाओं में अच्छे अंक मिले थे?

## गतिविधि

क्या आपको कभी कोई पुरस्कार मिला है,यदि हां तो आप अपने अनुभव अपनी कॉपी में लिखिए।

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम-तृप्ति शर्मा(स.अ.)एव सुधीश पाराशरी(स.अ.),मुरादाबाद

# Honesty of my brother

**If you are honest, there is no need to be afraid. Self confidence increases. Everyone likes honest people.**



In the evening, my brother suggested to go to the fair. He said to me to call my friends too from the neighbourhood. This year people from different states have come with their products. Brother took us to the fair. We enjoyed many food items there. We also had Bhel Puri of Mumbai. By mistake Bhel Puri seller took the money for five people instead of six. We thought, after all money was saved. But my brother calculated and gave the remaining money to the Bhel Puri seller. When we were whispering, brother explained to Anju that we should not cheat anyone.

## Hard words

| | |
|---|---|
| honesty | ईमानदारी |
| neighbourhood | पड़ोस |
| mistake | गलती |
| cheat | धोखा |
| whispering | फुसफुसाना |
| fair | मेला |

## Exercise

• Fill in the blanks-

a. My brother suggested to go to the___.

b. We enjoyed many___ items there.

c. Everyone likes ___people.



Subject - **Rainbow** Chapter- IN THE ZOO Class -5

Topic - **Story** S.N. - **11**



# मिशन शिक्षण संवाद

**Last (लास्ट) Sunday (संडे), the (द) weather (वेदर) was (वाज) cloudy (क्लाउडी). Arun (अरुण) along (अलांग) with (विद) his (हिज) younger (यंगर) sister (सिस्टर) Neha (नेहा), visited (विजिटेड) the zoo (जू). As (ऐज) they (दे) reached (रिच्ड) the main (मेंन) gate (गेट) of (आफ) the zoo, they saw (सा) a huge (ह्यूज) crowd (क्राउड). Some (सम) people (पीपल) were (वर) buying (बाइंग) entrance (इंट्रेंस) tickets (टिकट्स) while (वायल) others (अदर्स) were relaxing (रिलैक्सिंग) in (इन) the shade (शेड) of the trees (ट्रीज).**

## हिंदी अनुवाद

पिछले रविवार को, मौसम बादलों से घिरा हुआ था। अरुण अपनी छोटी बहन नेहा के साथ, चिड़ियाघर घूमने गया। जैसे ही वे चिड़ियाघर के मुख्य द्वार पर पहुंचे, उन्होंने बहुत भीड़ देखी। कुछ लोग टिकट खरीद रहे थे जबकि अन्य लोग पेड़ों की छाया के नीचे आराम कर रहे थे।

## Home Work

**Question 1: What was the weather like?**
**(मौसम कैसा था?)**
**Question 2: What was name of Arun's younger sister?**
**(अरुण के छोटी बहन का क्या नाम था)**

## word meaning

**Zoo - जू - चिड़ियाघर**
**Last Sunday - लास्ट सन्डे - पिछला रविवार**
**Weather - वेदर - मौसम**
**Younger sister - यंगर सिस्टर - छोटी बहन**
**Gate - गेट - द्वार**
**Crowd - क्राउड - भीड़**
**People - पीपल - लोग**
**Buy - बाइ - खरीदना**
**Relax - रिलैक्स - आराम करना**

## *Answer of page 10*

**Question-answer**
**1. The ant was thirsty.**
**2. The ant went to the river bank to drink water.**
**3. The ant saved the life of dove.**
**4. A friend in need is a friend indeed.**

**Arrange these words and make a correct sentence:**


**1. It was a hot day.**
**2. A little ant was very thirsty.**
**3. She went to a river to drink water.**
**4. She fell into the river.**
**5. The ant and the dove helped each other.**

9458278429


Made by- **Chetna Singh, Satish Kumar Singh**

# मिशन शिक्षण संवाद

हम लोग खूब सबेरे उठकर मौलवी साहब के पास जाते थे। वे एक कोठरी में रहा करते थे। सामने आँगन में तख्तपोश पर बैठकर हम पढ़ा करते थे। सवेरे आकर पहले का पढ़ा हुआ पाठ दोहराया जाता। जो जितना जल्दी याद कर लेता, उसको उतना ही जल्द नया सबक पढ़ा दिया जाता था। तब तक सूर्योदय हो जाता। हम अपना मुँह हाथ धो लेते और माँ के पास कुछ खाने के लिए पहुँच जाते। प्रायः आधा घंटे की छुट्टी मिलती। नाश्ता करके लौटने पर सबक याद करना पड़ता और सबक याद करके सुना देने के बाद मौलवी साहब हुक्म देते- किताब बन्द करो। किताब बंद करके तख्ती निकालनी होती। तख्ती भर जाती तो उसे धोना पड़ता। इस क्रिया में भी कुछ समय खेलने को मिलता। दोपहर को नहाने और खाने के लिए एक या डेढ़ घंटे की छुट्टी मिलती और खाकर फिर उसी तख्तपोश पर सोना पड़ता। मौलवी साहब चारपाई पर सोते। दोपहर के बाद दूसरा सबक मिलता और उसको याद करके सुनाने पर ही खेलने की छुट्टी मिलती।



शाम को जल्द नींद आती। डर रहता कि मौलवी साहब हमें पलक झपकाते देख न लें, नहीं तो मार पड़ती। जल्दी छुट्टी के दो उपाय थे। खेल-कूद में जमना भाई लीडर थे। जल्दी छुट्टी पाने के लिए भी उपाय वही करते। पढ़ने के लिए तेल का दीया जलाया जाता था। जमना भाई रेत की छोटी पोटली बना लेते और छिपाकर उसे दीये में रख देते। वह शीघ्र ही तेल सोख लेती और दीया जल्द बुझने पर आ जाता। मौलवी साहब दाई पर गुस्सा होते कि तेल कम क्यों डाला; और वे मजबूर होकर किताब बंद करने का हुक्म दे देते।और जो कुछ फारसी का ज्ञान हुआ, उन्हीं मौलवी साहब ने दिया। हम सब भी उनको प्यार करने लगे थे। जब घर छोड़कर छपरा अंग्रेजी पढ़ने के लिए जाना पड़ा तो मौलवी साहब को और हम लोगों को भी बहुत दु:ख हुआ



डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे। इन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। ये कुशल वक्ता, प्रशासक एवं साहित्यानुरागी थे।

## शब्दार्थ

लीडर = नायक
उपाय = तरकीब
हुक्म = आदेश

## अभ्यास कार्य

(1) बालक राजेंद्र प्रसाद की शिक्षा कब व कहाँ हुई ?

(2) पहले मौलवी साहब और दूसरे मौलवी साहब में क्या अंतर था ?

(3) देर तक न पढ़ना पड़े, इसके लिए जमना भाई क्या चाल चलते थे ?

(4) 'बेखौफ' शब्द में 'बे' उर्दू का उपसर्ग जुड़ा है। यह उपसर्ग शब्द में जुड़कर उसका अर्थ उलटा कर देता है। खौफ का अर्थ होता है - भय, परंतु बेखौफ का अर्थ निर्भय हो जाता है। इसी प्रकार इन शब्दों के अर्थ लिखिए-

बेदाग, बेकसूर, बेघर, बेवजह, बेहिसाब, बेमिसाल

9458278429
निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- रीना स. अ. झाँसी, रेनू अग्रवाल स. अ. मथुरा

मिशन शिक्षण संवाद

In today's sheet we will illustrate how block diagrams can be used to help you to visualize the subtraction word problems in terms of the information given and the data that needs to be found.


Let's Start:

Example:

A sports club had 2564 members. 130 members left the club after a year. How many new members should the club recruit in order to have 3000 members?

Solution:


Step 1: Find the number of members the club had after a year.




2564 – 130 = 2434

After 1 year, the club had 2434 members.

Step 2: Find how many new members the club should recruit.




3000 – 2434 = 566

The club should recruit 566 new members.

**Do you know?**

Every odd number has an "e" in it.

Think and Verify

**Practice Time**

1. 125 children took part in a mathematics competition. 54 of them are girls. How many more boys than girls were there?

2. Ali collected 127 stamps. He collected 27 stamps less than his sister. How many stamps did they collect altogether?

3. There were 23,491 people at the pop concert (in Stands A, B and C). In Stand A there was 13,432 and in Stand B there were 7,652 people. How many people were in Stand C?

**Answer Key Page no. 10**

1. 13,600
2. 2877 kilograms
2. 619



विषय- **गणित** पाठ- **गुणा** कक्षा - **5**

प्रकरण- **गुणा की विधि** क्रमांक - **11**



**मिशन शिक्षण संवाद**

# गुणा की परिभाषा

**जब किसी संख्या अथवा अंक में उसी संख्या अथवा अंक को एक या एक से अधिक बार जोड़ा जाता है तो उसे गुणा (Multiplication) कहते हैं। संख्या अथवा अंक को जितनी बार जोड़ा जाता है वह उतनी ही बार गुणा होता है। गुणा को (x)चिह्न से प्रदर्शित किया जाता है। उदाहरण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 756 | 756 | 756 | 756 | 756 |
| ×32. | ×32 | ×32 | ×32 | ×32 |
| | 2 | 12 | 1512 | 1512 |
| | | | | 0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 756 | 756 | 756 | 756 |
| ×32 | ×32 | ×32 | ×32 |
| 1512 | 1512 | 1512 | 1512 |
| 80 | 680 | 22680 | 22680 |
| | | | 24192 |

# गुणा की विधि

**(1)नीचे और ऊपर वाली संख्याओं में इकाई से इकाई स्थान पर गुणा करें।**

**(2) नीचे की संख्याओं के इकाई को ऊपर की दहाई और सैकड़ा से गुणा करें।**

**(3) गुणनफल के नीचे की पंक्ति में इकाई के स्थान पर 0 लिखें फिर नीचे दी गई दहाई से ऊपर की संख्या के इकाई ,दहाई ,सैकड़ा की गुणा करें।**

**(4) अब दोनों गुणनफल को जोड़ दें।**

**स्वयं करें**

| | |
|---|---|
| 782 | 442 |
| ×87 | ×25 |
| ------- | ---------- |

**उत्तरमाला क्रमांक 10**

**(1)0,( 2)876580**

**खाली स्थान भरो**

**1912**

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- अर्चना पांडे परथला खंजरपुर जीबी नगर



विषय- **संस्कृत** पाठ- **तृतीय:** कक्षा - **5**

प्रकरण- **वाक्यबोध:** क्रमांक- **11**



# मिशन शिक्षण संवाद

सा का अस्ति?
वह कौन हैं?
सा गायिका अस्ति।
वह गायिका है।
सा किं करोति?
वह क्या करती है?
सा गायति।
वह गाती है।





ते के स्त:?
वे दो कौन हैं?
ते अजे स्त:।
वे दो बकरियां हैं।
ते किं कुरुत:?
वे दो क्या करती हैं?
ते चरत:।
वे दो चरती हैं।

ता: का सन्ति?
वे सब कौन हैं।
ता: बालिका: सन्ति।
वे सब बालिकायें हैं।
ता: किं कुर्वन्ति?
वे सब क्या करती हैं?
ता: पिबन्ति?
वे सब पीती(जल) हैं।



## शब्दार्थ:

सा - वह(स्त्रीलिंग)
किं- क्या
गायति- गाती है
अजे - दो बकरियाँ
चरत: - चरती हैं
कुर्वन्ति - करती हैं
पिबन्ति - पीती हैं

## अभ्यास कार्य

चित्राणि दृष्ट्वा शब्दान् लिखत-









## उत्तरमाला

10

१-




एषा सारिका। एते सारिके। एता: सारिका:।

२- उच्चारणम् कुरुत-

| | | |
|---|---|---|
| एषा | एते | एता: |
| सा | ते | ता |

9458278429
निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- सुषमा त्रिपाठी सहायक अध्यापिका,गोरखपुर

मिशन शिक्षण संवाद

# आओ जाने कितना सीखा

**नीचे कुछ वाक्य दिए हैं, जो डिब्बों में बंद हैं, उनमें से सही वाक्य वाले डिब्बों को लाल रंग से भरिए और गलत वाक्य वाले डिब्बों को नीले रंग से भरिए-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| हमें असहाय लोगो की मदद नही करनी चाहिए। | हमें अपने बुजुर्गो की देखभाल करनी चाहिए। | ईमानदार व्यक्तियों को कोई पसंद नहीं करता । | हमें पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ लगाने चाहिए। |
| जो लोग देख नहीं सकते उनके लिए ब्रेल लिपि बनी है। | हमें सड़क पर किसी अंधे व्यक्ति को सड़क पार करने में मदद नहीं करनी चाहिए। | ईमानदार होने से आत्मविश्वास बढ़ा रहता है। | |

## उत्तरमाला

9

(1)उत्तर दीजिए -

(क) किशन के परिवार में खुद किशन, बहिन अंजू, पापा, माँ और नानी हैं।

(ख) किशन बच्चों को सिखाते हैं कि हमें किसी को नुकसान नहीं पहुँचाना चाहिए।

(ग) हमें ईमानदार बनना चाहिए क्योंकि ईमानदार लोगों को किसी से डरने की जरूरत नहीं पड़ती, उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और सभी लोग उन्हें पसंद करते हैं।

(घ) अंजू ने अपने भाई को बताया कि पर्यावरण संरक्षण पर सभी लेखों में उसका लेख सबसे अच्छा था।

(ड०) ब्रेल एक लिपि है जिसमें उभरे हुए अक्षर होते हैं। जिन लोगों को दिखाई नहीं देता है वे लोग इन उभरे हुए अक्षरों को छूकर पढ़ सकते हैं।

*प्रश्न 2 का उत्तर आप स्वयं लिखेंगे।

*प्रश्न 3 का उत्तर आप स्वयं लिखेंगे।

9458278429
निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम-तृप्ति शर्मा(स.अ.)सुधीश पाराशरी(स.अ.)मुरादाबाद

Subject - English Chapter- 2 Class - V

Topic - The ant and the dove S.N. - 10

मिशन शिक्षण संवाद

# Questions:

1. Who was thirsty?
2. Where did the ant go to drink water?
3. Who saved the life of the dove?
4. What is the moral of the story?

## Arrange the words and make meaningful sentence:

1. a day was it hot
Ex. - It was a hot day.
2. ant little was a thirsty very
3. drink water to she went river to a
4. fell the river into she
5. the dove each other helped and the ant.

## Match the animals with their houses :


Ant, horse snake, lion monkey



Tree ...........



Stable ...........



Hole ...........




Ant-hill .......



Den ........

## Draw a bird



## Page 9 answers:

***•Find out the words given in the lesson.***

1. HUNTER, 2. ARROW, 3.ANT, 4.DOVE, 5.RIVER

***•Write 'T' for true and 'F' for false statement.***

1. F 2. T
3. F 4. T

***• Complete these spellings.***

1. Hunter, 2. Dove, 3. River
4. Need, 5.Save, 6.Arrow, 7.Friend 8.Thirsty

9458278429

Made by- Chetna Singh, Satish Kumar Singh








मिशन शिक्षण संवाद

The following diagram shows how the Comparison model can be used for subtraction word problems.

Comparison Model





Difference Unknown: Difference = A – B
Unknown Big: A = B + Difference
Unknown Small: B = A - Difference

Let us solve some word problem examples based on subtraction.


**Example1:**
Jessica has 1135 beads. 604 beads are red and the rest are blue. How many blue beads does she have?

**Solution:**




1135 – 604 = 531
She has 531 blue beads.

**Example2:**
134 girls and 119 boys took part in an art competition. How many more girls than boys were there?
**Solution:**




134 – 119 = 15
15 more girls than boys were there.

**Practice Time**

1. There are 50,000 chairs in a hall. During an event, 36,400 chairs were occupied. How many chairs were not occupied?
2. A grain merchant had 9736 kilograms of wheat in his stock. He sold 6859 kilograms of wheat. How much wheat has he in his stock now?
3. By how much is 2526 less than 3145?

**Answer Key Page no. 9**

1. 10,999,999
2. 6800

Made by- Deepak Sachdeva

विषय- **गणित** पाठ- जोड़वघटाना कक्षा- **5**

प्रकरण- **घटाना** क्रमांक- **10**

# मिशन शिक्षण संवाद

## घटाना

**कुछ महत्वपूर्ण बिंदु**

- जब कोई संख्या स्वयं से घटाई जाती है तो शेषफल शून्य हो जाता है।

उदाहरण

4256732 - 4256732 =0

- जब शून्य को किसी संख्या से यह घटाया जाता है तो अंतर स्वयं वही संख्या होती है।

उदाहरण

53569 - 0 =53569

**स्वयं करें**

(क) 999999-999999=-------------

(ख) 876580-0=-------------------

**खाली स्थान में उचित अंक भरो**

| हजार | सैकड़ा | दहाई | इकाई |
|---|---|---|---|
| 3 | -------- | 5 | 3 |
| - 2 | 8 | 4 | ----- |
| ☐ | 1 | ☐ | 1 |

**वार्तिक प्रश्न**

रोहन के पास 356425 रुपये थे ,उसने 136954 रुपये घर की मरम्मत कराने में खर्च कर दिए। अब उसके पास कितने रुपये बचे?

हल:

रोहन के पास रुपये = 356425

मरम्मत में खर्च रुपये = - 136954

219471

अतः रोहन के पास 219471 रुपये बचे।

## दिमागी कसरत

पाँच अंको की सबसे छोटी संख्या चार अंको की सबसे बड़ी संख्या का योग व अंतर ज्ञात करें?

क्रमांक 9 उत्तर माला

(क)25246 (ख)21644

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- अर्चना पांडे परथला खंजरपुर जी बी नगर

विषय- हिन्दी पाठ- मेरी शिक्षा कक्षा - 5

प्रकरण- आत्मकथा क्रमांक - 10

# मिशन शिक्षण संवाद



पाँचवें या छठे बरस में मेरा अक्षरारंभ कराया गया था। उस समय की प्रचलित प्रथा के अनुसार अक्षरारंभ मौलवी साहब ने बिस्मिल्लाह के साथ कराया था। जिस दिन अक्षरारंभ हुआ, मौलवी साहब आए; मिठाई बाँटी गई। हम तीन विद्यार्थी उनके सुपुर्द किए गए- एक मैं और दूसरे दो, अपने कुटुंब के ही चचेरे भाई। यमुना प्रसाद जी सबसे बड़े थे। वे हमारे लीडर थे। वे तमाम खेल और लड़कपन की शैतानी में आगे रहा करते थे। उनके एक चचा, जो मेरे भी चचा थे, बहुत मजाक पसंद थे। वह मेरे पिता जी के छोटे भाई थे, पर पिता जी के कई गुण उन्होंने भी सीखे थे। वह घोड़े की सवारी करते थे। बंदूक और गुलेल चलाना भी खूब जानते थे। फ़ारसी भी पढ़े थे और शतरंज भी बहुत खेलते थे।

. मौलवी साहब जो हम लोगों को पढ़ाने आए, विचित्र आदमी थे। उनका बहुत-सी बातों पर दावा था। बलदेव चचा के मजाक के लिए वह एक बहुत ही उपयोगी साधन बन गए। चचा तरह-तरह की बातें मौलवी को सुनाते और उनको उत्साह देकर यह कहलवा देते कि वह भी, चाहे कोई भी काम क्यों न हो, जानते या कर सकते हैं। मौलवी साहब का दावा था कि वे शतरंज खेलना भी खूब जानते हैं। बलदेव चचा उन्हें शतरंज खेलाते पर वे कभी न जीतते। हम बच्चे इस मजाक को कौतूहल से सुनते इस प्रकार के मजाकों के बीच हम फ़ारसी पढ़ते रहे। कुछ महीने बाद मौलवी साहब चले गए। दूसरे मौलवी साहब बुलाए गए। वे बहुत गंभीर थे और अच्छा पढ़ाते भी थे। हफ्ते में साढ़े पाँच दिन फ़ारसी पढ़ाते थे। बृहस्पतिवार की दोपहर के बाद और शुक्रवार की दोपहर तक फ़ारसी से छुट्टी रहती थी, तब गिनती सिखाते थे। खेलने-कूदने के लिए भी समय दिया जाता था।

## शब्दार्थ

शब्दार्थ

बेखौफ = निडर

अक्षरारंभ = पढ़ने की शुरुआत

सबक = सीख,

जानकारी बिस्मिल्लाह = शुभारंभ

सुपुर्द = सौंपना

उत्साह = जोश, उमंग,

कौतूहल = जिज्ञासा

## अभ्यास कार्य

(1) बालक राजेंद्र प्रसाद की शिक्षा कब व कहाँ हुई ?

(2) उनके साथ कौन-कौन पढ़ता था ?

(3) नीचे लिखे शब्दों को सही क्रम में लिखकर वाक्य बनाइए -

कोठरी/करते/रहा/में/वे/एक/थे

समय/भी/था/खेलने/-/के/लिए/कूदने/दिया/जाता

आधा/प्राय:/मिलती/छुट्टी/घण्टे/की/थी

चारपाई/साहब/सोते/पर/मौलवी/थे

(4) छोटे-बड़े, इधर-उधर: यहाँ विलोम अर्थ देने वाले शब्दों की जोड़ी बनी है। इस प्रकार के शब्दों के जोड़े पुस्तक से ढँूढ़कर लिखिए।

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- रीना स. अ. झाँसी, रेनू अग्रवाल स. अ. मथुरा

**एषा का अस्ति?**
**यह कौन हैं?**
**एषा छात्रा अस्ति**
**यह छात्रा है।**
**एषा किं करोति?**
**यह क्या करती है?**
**एषा पठति।**
**यह पढ़ती है।**





**एते के स्त:?**
**ये दो कौन हैं?**
**एते बालिके स्त:।**
**ये दो लड़कियां हैं।**
**एते किं कुरुत:?**
**ये दो क्या करती हैं?**
**एते क्रीडत:।**
**ये दो खेलती हैं।**

**एता का सन्ति?**
**ये सब कौन हैं।**
**एता गायिका सन्ति।**
**ये सब गायिकायें हैं।**
**एता किं कुर्वन्ति?**
**ये सब क्या करती हैं?**
**एता गायन्ति?**
**ये सब गाती हैं।**



## शब्दार्था:

**एषा - यह( स्त्रीलिंग)**
**किं- क्या**
**पठति- पढ़ती है**
**बालिके - दो बालिका**
**क्रीडत: - खेलती हैं**
**कुर्वन्ति - करती हैं**
**गायन्ति - गाती हैं**

## अभ्यास कार्य

**१-**





**एषा का?** **एते के?** **एता: का?**

**२- उच्चारणम् कुरुत-**

| | | |
|---|---|---|
| एषा | एते | एता: |
| सा | ते | ता |

## उत्तरमाला १

**चित्रै: सह शब्दान् मेलयत् -**




**दीपकम्** **विमानम्**




**कतम्** **क्रीडनकम्**

9458278429
निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- **सुषमा त्रिपाठी सहायक अध्यापिका,गोरखपुर**

चिड़िया

विषय- चित्रकला पाठ- कक्षा -IV,V

प्रकरण- चित्रण व रंग क्रमांक -

**मिशन शिक्षण संवाद**

# आओ बच्चों चिडिया बनाकर रंग भरें।



# अंतिम रंगीन चित्र कॉपी पर बनायें।

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- नीरा चौहान प्रा०वि०फुगाना-2,मुजफ्फरनगर

विषय- चित्रकला पाठ- डॉल्फिन कक्षा -IV,V

प्रकरण- चित्रण व रंग क्रमांक -

**मिशन शिक्षण संवाद**

# आओ बच्चों डॉल्फिन बनायें।



**केवल अंतिम रंगीन चित्र कॉपी मे बनायें।**

9458278429

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- नीरा चौहान प्रा०वि फुगाना–2मुजफ्फरनगर

**विषय-** चित्रकला **पाठ-** डव **कक्षा -**III, IV

**प्रकरण-** चित्रण, रंग **क्रमांक -**

**मिशन शिक्षण संवाद**

# आओ बच्चों डव बनायें।



## केवल अंतिम रंगीन चित्र कॉपी पर बनाना है।

निर्माण कार्य करने वाले शिक्षक का नाम- नीरा चौहान प्रा०वि०फुगाना–2 मुजफ्फरनगर 9458278429